प्रेषक,

मिशन निदेशक,
एन0एच0एम0, राज्य कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई,
19–ए, विशाल कॉम्प्लेक्स, लखनऊ।

सेवा में,

समस्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

पत्रसंख्या:– एस0पी0एम0यू0 / कम्यू0प्रो0 / आशामोबाइलफोन / 2011–12 / 30 / 6499-25 दिनांक 28/3/14

विषय: एन0एच0एम0 के अंतर्गत वर्ष 2013–14 में प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों, ए0एन0एम0 एवं आशा कार्मिकों को नोकिया हैण्डसेट एवं बी0एस0एन0एल0 सिम उपलब्ध कराने हेतु दिशा–निर्देश के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया कार्यालय पत्र संख्या–एस0पी0एम0यू0 / कम्यू0प्रो0 / आशा मोबाइल फोन / 2011–12 / 30 / 5580–75 दिनांक 06.02.2014 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा नोकिया हैण्सेट एवं सिम को प्राप्त करने एवं वितरण हेतु निर्देश दिये गये थे।

उक्त के संबंध में प्रभारी चिकित्सा अधिकारयों, ए0एन0एम0 तथा आशा को उपलब्ध कराये गये नोकिया हैण्डसेट एवं एक्टीवेटेड बी0एस0एन0एल0 सिम के प्रयोग के सम्बन्ध में विस्तृत दिशा–निर्देश निम्नानुसार है–

1 जनपद में प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों, ए0एन0एम0 एवं आशाओं को नोकिया हैण्डसेट एवं एक्टिवेटेड सिम कार्ड की प्राप्ति एवं वितरण संबंधी कार्य दिनांक 30.04.2014 तक अवश्य पूर्ण कर लिया जाये। नोकिया हैण्डसेट एवं सिम कार्ड की स्टॉक इन्ट्री की प्रतिलिपि तथा वितरण के पश्चात आवंटियों का ब्लॉकवार विवरण निम्नलिखित प्रारूप–क (एम0एस0–एक्सेल फार्मेट) में दिनांक 15.05.2014 तक एस0पी0एम0यू0 कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

प्रारूप–क

जनपद का नाम:..........

क0 सं0	अधिकारी / कर्मचारी का नाम	पद नाम	स्वास्थ्य इकाई (जहाँ पर कार्यरत हैं)	आवंटित हैण्डसेट आई0ई0एम0 आई0 न0	आवंटित मोबाइल नम्बर	कर्मचारी का वैकल्पिक मोबाइल नम्बर	प्रभारी चिकित्साधिकारी (MOIC) का नाम	प्रभारी चिकित्साधिकारी का मोबाइल नम्बर	अन्य विवरण
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10

2 प्रारूप–क पर सूचना आवश्यक रूप से प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें क्योंकि भारत सरकार द्वारा शीघ्र ही यू0एस0एस0डी0 (Unstructured Supplementary Services Data) सेवाएं शीघ्र ही आरम्भ की जा रही हैं। इन सेवाओं द्वारा ए0एन0एम0 एवं आशा उक्त नोकिया हैण्डसेट द्वारा एम0सी0टी0एस0 डेटा अपडेशन्स स्वयं ही एम0सी0टी0एस0 पोर्टल पर करने में सक्षम होंगी।

3. सर्वप्रथम उन्हीं आशाओं को मोबाइल फोन प्रदान किया जाएगा जो वर्तमान में कार्यरत हैं एवं जिन्होने मॉड्यूल पॉच तक का प्रशिक्षण पूर्ण कर लिया है। इसके पश्चात शेष मोबाइल फोन चतुर्थ मॉड्यूल प्रशिक्षित एवं वर्तमान में कार्यरत आशाओं को नोकिया मोबाइल हैण्डसेट एवं सिम कार्ड आवंटित किया जाएगा।

4. आवंटित हैण्डसेट स्थानान्तरित / सेवानिवृत्त / पदच्युत अधिकारियों / कर्मचारियों द्वारा पूर्व तैनाती स्थल / कार्यालय पर जमा कराना अनिवार्य है, जिससे सम्बन्धित पदों पर आये अधिकारियों / कर्मचारियों द्वारा उक्त हैण्डसेटों को उपयोग मे लाया जा सके।

5. सभी अधिकारी / कर्मचारी अपने मोबाइल फोन कनेक्शन का उपयोग करें, यदि किसी का मोबाइल स्विच ऑफ पाया जाता है, तो इस कृत्य को गम्भीरता से लिया जाएगा।

6. मोबाइल हैण्डसेट के खो जाने/खराब हो जाने की स्थिति में संबंधित उपयोगकर्ता उत्तरदायी होंगे।
7. बी0एस0एन0एल सिम यदि खो जाता है या खराब हो जाता है तो प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों, ए0एन0एम0 एवं आशा कार्मिकों द्वारा अपने जनपद में ही डुप्लीकेट सिम प्राप्त करने के लिए उचित कार्यवाही स्वंय उनके द्वारा स्थानीय बी0एस0एन0एल0 कार्यालय के साथ की जायेगी।
8. प्रभारी चिकित्साधिकारी (MOIC) को आवंटित मोबाइल सिम पर प्रत्येक माह सौ रूपये (रू0 100.00) का अतिरिक्त टॉपअप बी0एस0एन0एल0 द्वारा किया जायेगा। मोबाइल सिम पर टापॅअप हेतु प्रभारी चिकित्साधिकारियों को आवंटित मोबाइल नम्बर की सूचना प्रारूप–ख पर आवश्यक रूप से एस0पी0एम0यू0, लखनऊ को उपलब्ध करायी जाएगी।

प्रारूप–ख

जनपद का नामः

क0 सं0	प्रभारी चिकित्साधिकारी का नाम (MOIC)	पद	स्वास्थ्य इकाई (जहाँ पर कार्यरत हैं)	आवंटित मोबाइल नम्बर	अन्य विवरण
1	2	3	4	5	6

भवदीय,

27/3/14

(अमित कुमार घोष)
मिशन निदेशक

पत्र संख्याः एस0पी0एम0यू0/कम्यू0प्रो0/आशा मोबाइल फोन/2011–12/30/ तद्दिनांकः

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
2. समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।
3. समस्त जिला अधिकारी/अध्यक्ष जनपदीय स्वास्थ्य समिति, उत्तर प्रदेश।
4. महानिदेशक चिकि0 स्वा0, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
5. महानिदेशक परि0 कल्याण, परि0 कल्याण महानिदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
6. समस्त मण्डलीय अपर निदेशक, चिकि0 स्वा0 एवं परि0 कल्याण, उत्तर प्रदेश।
7. वरिष्ठ महाप्रबंधक (ई0बी0), बी0एस0एन0एल0, भोपाल हाउस, कैसरबाग़, लखनऊ।
8. समस्त महाप्रबन्धक/वित्त नियन्त्रक, एन0एच0एम0, एस0पी0एम0यू0, लखनऊ।
9. समस्त मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक–एन0एच0एम0, उत्तर प्रदेश।
10. समस्त जिला कार्यक्रम प्रबन्धक–एन0एच0एम0, उत्तर प्रदेश।

(अमित कुमार घोष)
मिशन निदेशक